5321(E)
3/8/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 03-08-2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल संख्या–01, गया जी के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Road from Km. 20th of SH-04 (G-K-1) to Technology Centre (Devgaon) via Keni-Sadhunagar (Total Length-2.1 Kms.) कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026 एवं पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–24.07.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2474 दिनांक–24.07.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2527(अनु०) दिनांक–29.07.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–29.07.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Road from Km. 20th of SH-04 (G-K-1) to Technology Centre (Devgaon) via Keni-Sadhunagar (Total Length-2.1 Kms.) |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल संख्या–01, गया जी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹612.45 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–2912(एस०) दिनांक–27.04.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹617.47 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1852 दिनांक–05.06.2026 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹689.66475 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 09 (Nine) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 15.07.2026 |

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में सफल निविदाकार द्वारा Agreement नहीं किये जाने के कारण निविदा रद्द की गयी थी।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Dwarika Singh
(2) M/s Bhardwaj Construction
(3) Amubuj Sharma
(4) M/s Aadarsh Construction
(5) Trimurti Concern Pvt. Ltd.

4. दिनांक–24.07.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा 05 (पाँच) निविदाकार में 01 (एक) निविदाकार M/s Aadarsh Construction को SBD ITB Cl. 4.8 "Made misleading or false representations in the forms statements and attachments submitted in proof of qualification requirements"., NIT की कंडिका–26 एवं SBD ITB Cl. 4.2 (iv) के तहत् एवं दूसरे (02) निविदाकार Trimurti Concern Pvt. Ltd. को SBD-ITB Cl. 4.5 (A)(a) एवं SBD ITB-Cl. 4.3(f) के तहत् असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2474 दिनांक–24.07.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा Trimurti Concert Pvt. Ltd. के पत्रांक–RCD/TEN/26-27/01 दिनांक–27.07.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2527(अनु०) दिनांक–29.07.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–29.07.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवाद** :– उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार Trimurti Concern Pvt. Ltd. के पत्रांक–RCD/TEN/26-27/01 दिनांक–27.07.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय/अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Trimurti Concern Pvt. Ltd. | सविनय निवेदन है कि हमारी कंपनी M/s Trimurti Concern Pvt. Ltd. द्वारा उपर्युक्त निविदा (Name of Work : W/S of Road from Km. 20th of SH-04 (G-K-I) to Technology Centre (Devgaon) via Keni-Sadhunagar, Total Length-2.1 Km, NIT No. 01/RCD/Gaya Ji/2026-27) में भाग लेते हुए SBD के सभी प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए गए | | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | थे। फिर भी तकनीकी मूल्यांकन के उपरांत हमें जिस आधार पर अयोग्य घोषित किया गया है, वह उपलब्ध अभिलेखों एवं SBD की शर्त्तों के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा अयोग्य किये जाने हेतु दिया गया एवं उनका कंडिकावार उत्तर निम्नवत् है :–<br>SBD के Clause 4.5(A)(A) क्लॉज निम्नवत् है :–<br>4.5** A)A. To qualify for award of the contract, each bidder in its name should have in the last five years as referred to in Appendix :-<br>(a) Achieved in any one year a minimum annual financial turnover (in all classes of civil engineering construction work only) volume of construction work of at least the amount equal to the 50% (Fifty Percent) estimated cost of works for which bid has been invited. The turn over will be indexed at the rate of 8% for a year.<br>(b) Satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated subcontractor, where the subcontract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied) at least one similar work of value not less than amount indicated in Appendix (usually not less than 25% (Twenty-five percent) of estimated value of contract);<br>(c) executed in any one year, the minimum quantities of the following items of work as indicated in Appendix.<br><br>Earth work - 14089.60 cum<br>Non Bituminous work - 3274.047 cum<br>Bituminous work - 945.967 cum | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Concrete work - 510.16 cum<br>SBD के Clause 4.5 (A)(A) में पात्रता हेतु निम्नलिखित शर्तें निर्धारित की गयी है :–<br>1. किसी एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम वार्षिक वित्तीय टर्नओवर (Minimum Annual Financial Turnover)।<br>2. कम से कम एक समान प्रकृति के कार्य (Similar work) का निष्पादन।<br>3. किसी एक वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित न्यूनतम मात्रा का कार्य निष्पादित होना–<br>• Earth work -14089.60 cum<br>• Non Bituminous work - 3274.047 cum<br>• Bituminous work - 945.967 cum<br>• Concrete work - 510.16 cum<br>उपरोक्त Clause का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने से स्पष्ट है कि इसमें कहीं भी पिछले पाँच वर्षों का Average Quantity अथवा Average Turnover प्रस्तुत करने अथवा उसके आधार पर पात्रता निर्धारित करने का कोई प्रावधान नहीं है।<br>**<u>उत्तर क्रम संख्या–1</u>** :–<br>SBD में स्पष्ट रूप से "Executed in any one year" अर्थात किसी एक वित्तीय वर्ष में निर्धारित पर दिए गये Attachment format के अनुसार क्रम संख्या 07 पर टर्नओवर सर्टिफिकेट संलग्न किये गये है। जिसका UDIN No.-26400084VZNLVP4206 DATE 14.04.2026 है। जिसकी सम्पुष्टि पोर्टल/अभिलेख से की जा सकती है। इसमें आपत्ति उठायी गयी है कि संवेदक द्वारा Provisional सर्टिफिकेट संलग्न किया गया है।<br>इस संबंध में श्रीमान का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा कि पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में ही हमने Provisional Certificate संलग्न किया है। पुनः ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा कि अवधि 2025–26 अंकेक्षण की निर्धारित तिथि 31 | विषयांकित कार्य के लिए Annual Turnover की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता ₹344.832 लाख है।<br>निविदाकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 का Turnover Upload किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 का Uploaded Turnover Provisional है एवं Profit & Loss तथा Balance Sheet Uploaded नहीं रहने के कारण वित्तीय वर्ष 2025–26 का Turnover विचारणीय नहीं है। शेष वित्तीय वर्ष का Annual Turnover का Price Index से गुणा करने पर अधिकतम राशि ₹315.396 लाख है, जो न्यूनतम वाँछित राशि से कम है।<br>अतः परिवाद की इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अक्टूबर 2026 निर्धारित है एवं Provisional Certificate विभाग द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र, GST की दाखिल विवरणी प्राप्त भुगतान के आधार पर ही निर्गत की जाती है एवं प्रावधानों के अनुरूप ही इसको संलग्न किया गया है।<br>इस आलोक में PORTAL KE Tender Format में क्रम संख्या–19 पर अंडरटेंकिग अवलोकन करें।<br>पुनः श्रीमान् का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा कि SBD के Clause 4.5 (A)(a) इस आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना विधिक एवं प्राकृतिक न्याय को बिल्कुल अनुरूप नहीं है।<br><br>**<u>उत्तर क्रम संख्या–2</u>** :–<br>पुनः SBD के Clause 4.5 (A)(a) के आधार पर आपत्ति उठाते हुए अयोग्य घोषित किया गया है कि प्रतिष्ठान के द्वारा किसी एक वित्तीय वर्ष में निष्पादित किये गए कार्य की मात्रा संलग्न नहीं है।<br>इस संबंध में श्रीमान का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा कि पोर्टल पर दिए गए फॉर्मेट के अनुसार क्रम संख्या–9 पर वित्तीय वर्ष 2025–26 के कराये गये कार्य की मात्रा का विधिवत विवरण सहित विभाग द्वारा कराये गये कार्य की मात्रा हेतु निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न है। पोर्टल एवं संलग्न प्रमाण पत्र से इसकी सम्पुष्टि की जा सकती है।<br>अतः यह कहना है कि उक्त दस्तावेज संलग्न नहीं किए गए हैं, तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है, क्योंकि संबंधित दस्तावेज निर्धारित स्थान पर पहले से उपलब्ध हैं।<br>यदि मूल्यांकन समिति ने Sl. No. 9 पर अपलोड किए गए दस्तावेजों का अवलोकन किया होता, तो यह स्पष्ट हो जाता कि आवश्यक कार्य मात्राओं का विवरण तथा विभाग द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र दोनों उपलब्ध हैं। | निविदाकार को Annual Turnover की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता ₹344.83238 लाख पूर्ण नहीं करने के कारण असफल किया गया है न कि Experience of work done के तहत।<br>अतः परिवाद की इस बिन्दु को अमान्य किया जाता है। | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हमारा विनम्र निवेदन है कि पात्रता का परीक्षण केवल उसी आधार पर किया जाना चाहिए जो SBD में स्पष्ट रूप से निर्धारित है।<br>अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि–<br>1. Sl. No. 7 एवं Sl. No. 9 पर अपलोड किए गये दस्तावेजों का पुनः परीक्षण कराया जाए।<br>2. SBD की Clause 4.5 (A)(a) के वास्तविक प्रावधानों के अनुसार पुनर्मूल्यांकन (Re-evaluation) किया जाय।<br>3. यदि किसी स्तर पर यह माना गया है कि संबंधित दस्तावेज संलग्न नही थे, तो उपलब्ध अपलोड रिकॉर्ड का पुनः सत्यापन कराया जाय।<br>4. SBD में Average की कोई अनिवार्यता न होने के कारण उसी आधार पर की गयी Disqualification पर पुनर्विचार किया जाय।<br>5. उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर हमारी तकनीकी बोली का निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन कर उचित निर्णय लिया जाए।<br>हमें पूर्ण विश्वास है कि उपलब्ध अभिलेखों एवं SBD की वास्तविक शर्त्तों का पुनः परीक्षण किए जाने पर यह स्पष्ट हो जाएगा कि हमारी कंपनी ने Clause 4.5 (A)(a) की आवश्यकताओं का पालन किया है तथा प्रस्तुत दस्तावेज रिकॉर्ड पर उपलब्ध है।<br>अतः न्याय, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के हित में आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा की जाए। | | |

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

उक्त के आलोक में प्राप्त परिवाद को अमान्य करते हुए दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखने का निर्णय लिया जाता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **Trimurti Concert Pvt. Ltd.** के पत्रांक–**RCD/TEN/26-27/01** दिनांक–**27.07.2026** के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) दो निविदाकारों यथा (1) **M/s Aadarsh Construction** को **SBD ITB Cl. 4.8 "Made misleading or false representations in the forms statements and attachments submitted in proof of qualification requirements".**, **NIT** की कंडिका–26 एवं **SBD ITB Cl. 4.2 (iv)** के तहत् एवं (2) **Trimurti Concern Pvt. Ltd.** को **SBD-ITB Cl. 4.5 (A)(a)** एवं **SBD ITB-Cl. 4.3(f)** के तहत् तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं।

(iii) शेष 03 (तीन) निविदाकारों यथा **M/s Dwarika Singh (2) M/s Bhardwaj Construction** एवं **(3) Ambuj Sharma** को पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं। तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

(iv) उपभागीय ज्ञापांक–2474 दिनांक–24.07.2024 द्वारा संसूचित दिनांक–24.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| (sd/-) 03/08/26 | (sd/-) 03/8/26 | (sd/-) 3/8/26 | (sd/-) 03/8/26 |
|---|---|---|---|
| (राजकुमार)<br>मुख्य अभियंता,<br>दक्षिण, पथ निर्माण<br>विभाग, बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा<br>प्रबंधन, नीतिगत मामले<br>एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख<br>(मुख्यालय),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–54/2026 5321 (E) पटना, दिनांक 3/8/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(sd/-) 3/8/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।